यूपी में चार देशों के बसेंगे शहर ऑस्ट्रेलिया भी आने की तैयारी में

जेवर एयरपोर्ट के पास विदेशी शहर विकसित करने की कवायद

लखनऊ। यूपी में जेवर एयरपोर्ट के पास चार देशों के शहर बसने की तैयारी में हैं। अमेरिकी सिटी फाइनल होने के बाद जापान और दक्षिण कोरिया भी अपने शहर विकसित करने का प्रस्ताव दे चुके हैं। बृहस्पतिवार को ऑस्ट्रेलिया का एक प्रतिनिधिमंडल जेवर एयरपोर्ट के पास दौरा करेगा। इन देशों के शहर विकसित करने वाला यूपी देश का इकलौता राज्य होगा।

जेवर हवाई अड्डे के पास संभावित एजुकेशन सिटी के स्थान सर्वेक्षण के लिए ऑस्ट्रेलियाई प्रतिनिधिमंडल 21 नवंबर को यमुना सिटी का दौरा करने वाला है। जापान, दक्षिण कोरिया और अमेरिका के बाद यह चौथा देश है, जिसने वहां शहर बसाने में रुचि दिखाई है। इस बीच जापानी और कोरियाई शहरों के लिए भूमि आवंटन हो चुका है। ब्यूरो

1200

एकड़ में बसेगी अमेरिकी सिटी

- **चार अरब डॉलर का हो सकता है निवेश**

- जेवर एयरपोर्ट के आसपास का क्षेत्र अंतरराष्ट्रीय स्वरूप लेने जा रहा है। यहां कोरियाई और जापानी लोगों के लिए आवासीय क्षेत्र भी विकसित किए जाएंगे। जापानी सिटी सेक्टर 5-ए में बनेगी। वहां 395 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है। वहीं, कोरियाई सिटी सेक्टर 4-ए में 365 हेक्टेयर भूमि पर विकसित होगी। दोनों इलेक्ट्रॉनिक्स का गढ़ बनकर उभरेंगे। जहां चिप्स, सेमीकंडक्टर, एआई उपकरण और कैमरे बनाने वाली कंपनियां होंगी।
- इसी तरह एयरपोर्ट के पास प्रस्तावित अमेरिकी सिटी प्रोजेक्ट को नोएडा प्राधिकरण ने मंजूरी दे दी है। वहां स्कूल, कॉलेज, कला व संस्कृति के लिए अंतरराष्ट्रीय संस्थान बनाया जाएगा। सभी निर्माण कार्यों को अमेरिकी मानकों के अनुसार तैयार किया जाएगा। अमेरिकी सिटी करीब 1200 एकड़ में बसेगा। इस शहर में अमेरिकी कंपनियां छह वर्ष में चार अरब डालर का निवेश करना चाहती हैं।
- ऐसी योजनाओं का उद्देश्य विदेशी निवेश को आकर्षित करना और यमुना सिटी के औद्योगिक विकास को गति देना है। ऐसी परियोजनाएं आर्थिक विकास को गति दे सकती हैं। नौकरियां पैदा कर सकती हैं और शिक्षा और नवाचार क्षेत्रों में भारत की वैश्विक स्थिति को बढ़ा सकती हैं।